# इन्टरनेट पर जलविज्ञान चर्चा समूह

**चन्द्र प्रकाश कुमार**

*वैज्ञानिक-ई1*

*राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की*

इन्टरनेट पर लोग वास्तव में क्या करते हैं ? वे ई-मेल का आदान-प्रदान करते हैं, चर्चा समूहों (समाचार समूहों) में भाग लेते हैं, सामाजिक मेलमिलाप जैसे - 'चैट' करते हैं और विभिन्न प्रकार की सूचनाएं एकत्र करते हैं।

इन्टरनेट पर विभिन्न रूचि वाले लोगों के लिये विविध प्रकार की सूचनायें उपलब्ध होती हैं। आप कई पुस्तकालयों में इसके माध्यम से लॉग-इन (प्रवेश) कर सकते हैं; साफ्टवेयर डाउनलोड कर सकते हैं; साहित्य, पत्रिकाएं एवं समाचार-पत्र पढ़ सकते हैं; नक्शे देख सकते हैं; मौसम की भविष्यवाणी प्राप्त कर सकते हैं; पर्यावरण के विषय में ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं; वस्तुएं खरीद एवं बेच सकते हैं; मुद्रा विनिमय कर सकते हैं; ई-मेल का आदान-प्रदान कर सकते हैं; एवं किसी भी विषय से संबंधित जानकारी आदि प्राप्त कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, जलविज्ञान से संबंधित बड़ी संख्या में वेब साइट लिंक http://www.angelfire.com/nh/cpkumar/hydrology.html पर उपलब्ध है।

आखिर ये सब सूचनाएं कहाँ से आती हैं? हर जगह से, पृथ्वी के कोने-कोने से- क्योंकि किसी जगह से कोई भी न केवल नेट पर सूचनायें प्राप्त कर सकता है, अपितु अपनी सूचनाएं डाल भी सकता है। इन्टरनेट का कोई केन्द्रीय प्रबन्धन-तंत्र नहीं है एवं कोई संस्था भी नहीं है। दूसरे अर्थो में आप इन्टरनेट को एक विशाल एवं निरन्तर विकासशील ऑनलाइन पुस्तकालय के रूप में समझ सकते हैं, जिसमें कोई भी कुछ भी प्रकाशित कर सकता है। दुर्भागयवश कई लोग इन्टरनेट पर अरूचिकर एवं प्रतिबंधित सामग्री प्रकाशित कर देते हैं, जिससे समाज को बहुत क्षति होती है। परन्तु, सौभाग्यवश ऐसे लोग अल्प संख्या में हैं। अतः आपको इन्टरनेट पर किसी भी जानकारी की विश्वसनीयता के लिए उसके उद्गम के विषय में ज्ञान प्राप्त कर लेना चाहिए।

नेट पर समूह चर्चा (Group Discussion) अधिकतर यूज़नेट समाचार-समूहों (Usenet News Groups) द्वारा होती है लेकिन कई ई-मेल परिचर्चा मंच (Forums) भी उपलब्ध है। सामान्य जन के प्रयोग हेतु विशिष्ट वितरण की मेल सूचियों (Mailing List) द्वारा समान रूचियों वाले लोग अपने इच्छित विषय पर सूचनाओं को ई-मेल के माध्यम से आदान-प्रदान कर सकते हैं। जबकि कुछ वितरण मेल सूचियाँ किसी विशेष विषय पर जानकारी के वितरण हेतु प्रयोग की जाती हैं। अधिकतर सूचियाँ लोगों को विषय विशेष पर समूह चर्चा का विकल्प प्रस्तुत करती हैं।

किसी वितरण मेल सूची के कार्य करने का तरीका यह है कि पहले आप सूची प्रशासन द्वारा उल्लेखित एक निर्दिष्ट ई-मेल पते पर सदस्य बनने हेतु एक सरल सन्देश भेजते हैं। यह ई-मेल पता किसी कम्पयूटर प्रोग्राम का हो सकता है (यदि सूची स्वचालित है) अथवा किसी व्यक्ति विशेष का हो सकता है (यदि सूची स्वचालित नहीं है)। कुछ वितरण मेल सूचियाँ वास्तव में अपनी अलग वेब साइट द्वारा प्रबन्धित की जाती है, इसके लिए आपको सदस्य बनने के लिए उस वेब साइट पर एक फार्म भरना पड़ता है। सूची का सदस्य बनने के बाद, आप अन्य सदस्यों के साथ परिचर्चा में हिस्सा ले सकते हैं; जिसके लिए आपको एक अन्य निर्दिष्ट ई-मेल पते पर अपना सन्देश भेजना पड़ेगा, जो कि उस सूची के समस्त सदस्यों को वितरित किया जायेगा। इसी ई-

मेल पते द्वारा आप अन्य सदस्यों के सन्देश प्राप्त कर सकेंगे।

प्रत्येक वितरण मेल सूची के लिए, सामान्यतः एक (अथवा एक से अधिक) अधिकारी होता है, जिस पर सूची के प्रबंधन का दायित्व होता हैं। यह अधिकारी सूची के लिये मध्यस्थ (Moderator) का कार्य भी कर सकता है जैसा कि कुछ यूज़नेट समाचार समूहों में किया जाता है। मध्यस्थ सूची को भेजे गये प्रत्येक सन्देश की समीक्षा करता है और उन सन्देशों को रोक सकता है जो कि उसकी राय में उस सूची के लिए उपर्युक्त नहीं पाए जाते। इस प्रलेख का मुख्य उद्देश्य जलविज्ञान (Hydrology) से संबंधित इन्टरनेट पर उपलब्ध कुछ मुख्य चर्चा समूहों के विषय में जानकारी प्रस्तुत करना है जिनका विवरण नीचे दिया गया है।

(1) **जलविज्ञान परिचर्चा मंच** (Hydrology Forum)

इस समूह का उद्देश्य जलविज्ञानसे संबंधित सभी पहलुओं पर वैज्ञानिक शोध के विषय में चर्चा के लिए एक परिचर्चा मंच प्रस्तुत करना है। निम्नलिखित विषयों पर चर्चा अपेक्षित है - जल विज्ञानीय अभिकल्प (Hydrologic Design), सतही जल विश्लेषण एवं प्रतिरूपण (Surface Water Analysis and (Modelling), बाढ़ अध्ययन (Flood Studics), सूखा अध्ययन (Drought Studics), जल परिक्षेत्र विकास (Watershed Development), भूजल आंकलन एवं प्रतिरूपण (Groundwater Assessment and Modelling), संयुग्मी उपयोग (Conjunctive Use), जल निकास (Drainage), पर्वतीय जलविज्ञान (Mountain Hydrology), पर्यावरणीय जलविज्ञान (Environmental Hydrology), झील जलविज्ञान (Lake Hydrology), नाभिकीय जलविज्ञान (Nuclear Hydrology), शहरी जलविज्ञान (Urban Hydrology), वन जलविज्ञान (Forest Hydrology), जलविज्ञानीय अन्वेषण (Hydrological Investigations), सुदूर संवेदन (Remote Sensing) और GIS अनुप्रयोग इत्यादि। जल विज्ञानीय साफ्टवेयर के प्रयोग एवं उपयोग से संबंधित विचारों का भी आदान प्रदान किया जा सकता है।

सदस्य बनने के लिए, कृपया बिना सन्देश का खाली (Blank) ई-मेल इस पते पर भेजें -

hydforum-subscribe@yahoogroups.com

सन्देश भेजने के लिए पताः

hydforum@yahoogroups.com
सूची अधिकारीः
hydforum_owner@yahoogroups.com
सूची वेब साइटः
http://groups.yahoo.com/group/hydforum/

(2) **जल विज्ञानीय प्रतिरूपण** (Hydrological Modelling)

इस समूह का उद्देश्य जलविज्ञानीय तंत्र के प्रतिरूपण में वैज्ञानिक शोध पर चर्चा के लिए एक परिचर्चा मंच प्रस्तुत करना है। निम्नलिखित विषयों पर चर्चा अपेक्षित हैं -
-वर्षा-अपवाह प्रतिरूपण
(Rainfall Runoff Modelling)
-उपरितट प्रवाह प्रतिरूपण
(Overland Flow Modelling)
-असंतृप्त प्रवाह प्रतिरूपण
(Unsaturated Flow Modelling)
-भूजल प्रवाह प्रतिरूपण
(Grondwater Flow Modelling)
-विलेय परिवहन प्रतिरूपण
(Solute Transport Modelling)
-समुद्र जल प्रवेश प्रतिरूपण
(Seawater Intrusion Modelling)
- जल गुणता प्रतिरूपण
(Water Quality Modelling)
-जलविज्ञान एवं जल-संसाधनों के विकास एवं प्रबन्धन से संबंधित अन्य पहलू।

यह समूह तकनीकी चर्चा के लिए एक विचार-विमर्श मंच प्रदान करता है; नए सार्वजनिक एवं व्यवसायिक साफ्टवेयर के विषय में उद्‌घोषणा प्रस्तुत करता है; तकनीकी प्रपत्रों एवं सारांश का आह्वान करता है; जलविज्ञान से संबंधित आयोजित होने वाले सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं के विषय में उद्‌घोषणा प्रस्तुत करता है; तथा शोध परिणामों, नए प्रकाशनों और विषयपरक अध्ययनों (Case Studies) का सांराश उल्लेखित करता है। जलविज्ञानीय साफ्टवेयर के प्रयोग एवं उपयोग से संबंधित विचारों का भी आदान प्रदान किया जा सकता है।

सदस्य बनने के लिए, कृपया बिना सन्देश का खाली (Blank) ई-मेल इस पते पर भेजे -
hydrologymodel-subscribe@yahoogroups.co.in

संदेश भेजने के लिए पताः
hydrologymodel@yahoogroups.co.in
सूची अधिकारी का संपर्कः
hydrologymodel-owner@yahoogroups.co.in

सूची वेब साइटः
http://in.groups.yahoo.com/group/hydrologymodel/

### (3) भूजल प्रतिरूपण (Groundwater Modelling)

यह भूजल प्रतिरूपण एवं विश्लेषण से संबंधित एक ई-मेल चर्चा समूह है। यह समूह भू-जल प्रतिरूपण के सभी पहलुओं पर चर्चा के लिए एक विचार-विमर्श मंच प्रदान करता है। इसमें तकनीकी चर्चा; नये सार्वजनिक एवं व्यवसायिक साफ्टवेयर के विषय में उद्‌घोषणा; तकनीकी प्रपत्रों एवं सारांश का आह्वान; जलविज्ञान से संबंधित आयोजित होने वाले सम्मेलनों एवं कार्यशालाओं के विषय में उद्‌घोषणा; तथा शोध परिणामों, नये प्रकाशनों और विषयपरक अध्ययनों का सारांश इत्यादि सम्मलित है।

सदस्य बनने के लिए, कृपया बिना सन्देश का खाली (Blank) ई-मेल इस पते पर भेजें -

gwmodel-subscribe@yahoogroups.com

संदेश भेजने के लिए पताः
gwmodel@yahoogroups.com
सूची अधिकारीः
gwmodel-owner@yahoogroups.com
सूची वेब साइटः
http://groups.yahoo.com/group/gwmodel/

### (4) रूड़की स्थित जलविज्ञान समूह (Roorkee Hydrology Group)

इस समूह का उद्देश्य जलविज्ञान एवं जल संसाधनों के क्षेत्र में रूड़की नगर उत्तरांचल राज्य में स्थित संबंधित विशेषज्ञ, वैज्ञानिक, प्रोफेसर, शोधकर्ता, एवं विद्यार्थी वर्ग के मध्य विचारों का पारस्परिक आदान-प्रदान करना है। रूड़की नगर में जल संसाधनों से संबंधित अनेक संस्थान अग्रणी रूप में कार्यरत हैं-

- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की का विकास एवं प्रशिक्षण केन्द्र (Water Resources Development Training Centre, I.I.T, Roorkee)
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की का जलविज्ञानविभाग (Department of Hydrology, I.I.T, Roorkee)
- भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की का भू-विज्ञान विभाग (Department of Earth Sciences, f I.I.T, Roorkee)
- राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की (National Institute of Hydrology, Roorkee)
- सिंचाई अनुसंधान संस्थान, उत्तरांचल (IrrigationResearch Institute,Uttarnchal)
- भारतीय प्रोद्योगिकी संस्थान रूड़की का वैकल्पिक जल ऊर्जा केन्द्र (Alternate Hydro Energy Centre,I.I.T, Roorkee)

सदस्य बनने के लिए कृपया बिना सन्देश का खाली (Blank) ई-मेल इस पते पर भेजें -

rhydrology@yahoogroups.com

संदेश भेजने के लिए पताः
rhydrology@yahoogroups.com

सूची अधिकारीः
rhydrology-owner@yahoogroups.com

सूची वेबसाइटः
http://groups.yahoo.com/group/rhydrology/

इन्टरनेट पर विभिन्न विषयों पर 10,000 से अधिक ई-मेल चर्चा समूह उपलब्ध हैं। अतः अपनी रूचि के अनुसार उपर्युक्त चर्चा समूहों के विषय में जानकारी हासिल करना सरल कार्य नहीं है। निम्नलिखित वेब साइट ई-मेल चर्चा समूहों के क्षेत्र में अग्रणी मानी जाती है-

http://groups.yahoo.com/
http://in.groups.yahoo.com/
http://lists.topica.com

अतः आप अपनी पसन्द की तलाश उपरोक्त वेबसाइट से प्रारम्भ कर सकते हैं। यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक द्वारा स्थापित एवं संचालित जलविज्ञान विचार-विमर्श (Hydrology Forum) में देश एवं विदेशों के लगभग 900 से अधिक सदस्य क्रियाशील रूप में जलविज्ञान से संबंधित विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। यह विचार-विमर्श मंच जलविज्ञान के क्षेत्र में विश्व के उत्कृष्ट ई-मेल मंचों में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।